

# गणतंत्र दिवस पर आज मुख्य समारोह में कलेक्टर फहराएंगे ध्वज

## छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस का भव्य समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी रंगारंग प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर श्री सोमवंशी स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।**

गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। तदुपरांत 9:10 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। प्रात: 9:25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। प्रात: 10.30 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। प्रात: 10.15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। इसके पश्चात विकास आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। अंत में प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में हजारों की भीड़ पहुंचेगी, जिसको लेकर व्यापक व्यवस्थाएं बनाई गई हैं।



### भारत पर्व पर होगी भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव ''भारत पर्व'' कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मानस भवन में सायं 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं लोककलाओं के माध्यम से गणतंत्र दिवस के उल्लास को और अधिक भव्य बनाना हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोकगायिका सुश्री मणिमाला सिंह रीवा द्वारा लोकगायन एवं मोहन सिंह बैगा डिण्डोरी द्वारा पारम्परिक करमा एवं बैगा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो दर्शकों को जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परम्पराओं से परिचित कराएंगी। इसके साथ ही जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रहने की संभावना है।

### गणतंत्र दिवस की कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। अपने संदेश में कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि 26 जनवरी का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ, जिसने हमें लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया। संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात कर हम एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, समाज में समरसता बनाए रखने तथा विकास की मुख्यधारा से हर वर्ग को जोड़ने की प्रेरणा देता है। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों एवं सामाजिक संगठनों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। कलेक्टर ने जिले के विकास कार्यों में सहभागिता निभाने वाले समस्त नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि आगामी वर्ष में भी सभी के सहयोग से जिले को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। अंत में उन्होंने जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



# पुलिस की चौतरफा कार्यवाही, अवैध शराब बिक्री के 104 मामले दर्ज

## 444 लीटर अवैध शराब के साथ 104 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान प्रहार 2.0 के क्रम में सीधी पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में 24 जनवरी को जिले भर में एकदिवसीय संभाग स्तरीय विशेष अभियान चलाया गया।**

अवैध शराब के नेटवर्क को तोड़ने के लिए जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में 30 से भी अधिक विशेष टीमें गठित कर रवाना की गई थीं। इन टीमों ने मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब विक्रय करने वाले 104 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 104 पृथक-पृथक मामले दर्ज किए हैं। कार्यवाही के दौरान कुल 444 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसका कुल बाजार मूल्य लगभग 1,37,200 रुपये है। इस सघन अभियान को सफल बनाने में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित उनकी गठित टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस की इस सक्रिय कार्यवाही से अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप की स्थिति है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि अभियान प्रहार 2.0 के अंतर्गत हमारी टीमें अवैध मादक पदार्थों और शराब के विरुद्ध निरंतर सक्रिय हैं। कल की कार्यवाही इसी निरंतरता का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य अवैध नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह ध्वस्त करना है। पुलिस की यह मुहिम आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगी ताकि सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# संत निरंकारी मिशन सीधी ने 58 यूनिट किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी भवन नूतन कालोनी सीधी में 24 जनवरी बुधवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक किया गया।**

जिसका शुभारंभ सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक एवं सीधी जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा रमेश अग्रवानी के द्वारा मिलकर किया गया। जिसमे कुल 72 यूनिट रक्तदान जिला अस्पताल सीधी के सहयोग से इकट्ठा किया गया। श्रीमती रीती पाठक ने मिशन के द्वारा निरंतर किये जा रहे सेवा कार्यों की भूरी भूरी सराहना की एवं सदैव अपना मानव हित मे किये जा रहे कार्यों में सेवा करने की मंशा दर्शाई। सेवादल इंचार्ज राजकुमार आडवाणी एवं समस्त सेवादल उपस्तिथ रहा। कुल 101 भाई बहनों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें 58 सेवादार भाई बहनों ने रक्त दान किया। 41 भाइयों एवं 17 बहनों ने रक्तदान किया तथा 29 भाई व 14 बहनों की मेडिकल समस्या के कारण उनका रक्त नहीं लिया गया। सीधी जिला अस्पताल से आई डाक्टरों की पूरी टीम ने सिविल सर्जन डॉ.एस.बी. खरे के निर्देशन में इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने ने बहुत अच्छा सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में आई हुई सीएमएचओ डॉ.बबीता खरे, सीधी व्यापारी संघ के जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप सितानी, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, पार्षद आनंद परियानी आदि ने सीधी में रक्तदान शिविर लगाने के लिए निरंकारी मिशन को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पिपरोहर में कांग्रेस का आंदोलन

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। विधानसभा सीधी अंतर्गत ब्लॉक कुचवाही के सेक्टर पिपरोहर में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और मनरेगा में हो रही अनदेखी के खिलाफआवाज बुलंद करते हुए सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया गया।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही हैए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के नियुक्त प्रभारी नवीन सिंह जिला कांग्रेस महामंत्री, जय सिंह जिला कांग्रेस महामंत्री, नागेश्वर साकेत अध्यक्ष आईटी सेल, राजेश सिंह चौहान सेक्टर प्रभारी, महेन्द्र प्रताप सिंह बीएलए, बंशराज सिंह बीएलए, राजेश साकेत बीएलए सहित सेक्टर एवं मंडल के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिले में प्राकृतिक उत्पादों की भरपूर संभावनाएं हैं, महिलाएं बनें आत्मनिर्भर : डॉ .राजेश

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजरी में शुक्रवार को हरित भारत फड परियोजना अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन, जिला पंचायत सीधी तथा इंस्टीट्यूट ऑफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग के सहयोग से संचालित महुआ प्रसंस्करण केन्द्र का सीधी-सिंगरौली लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने भ्रमण किया।**



भ्रमण के दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने केन्द्र में उपस्थित महिला उत्पादक समूहों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सीधी जिले में प्राकृतिक उत्पादों की भरपूर संभावनाएं हैं जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महुआ प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है लेकिन आने वाले समय में कटहल, बांस एवं अन्य वन आधारित उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी, जिससे महिलाओं को निरंतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सांसद ने कहा कि महुआ एक शुद्ध एवं पौष्टिक प्राकृतिक उत्पाद है जिसमें किसी भी प्रकार की मिलावट संभव नहीं है। महुआ से बने उत्पाद स्वास्थ्यवर्धक होते हैं और देशीी व पारम्परिक खाद्य पदार्थों का सेवन व्यक्ति को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।

उन्होंने महिला उत्पादक समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए गुणवत्ता, स्वच्छता एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। महिला समूहों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए सांसद डॉ.मिश्रा ने आश्वस्त किया कि प्रसंस्करण केन्द्र पर शीघ्र ही जल एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, साथ ही समस्त महिला समूह सदस्यों को पर्याप्त महुआ नेट वितरित किए जाएंगे, जिससे बेहतर गुणवत्ता का महुआ संग्रहण संभव हो सके।

महुआ प्रसंस्करण केन्द्र में कार्यरत मंजू सिंह एवं कलावती ने सांसद के समक्ष अपनी आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार इस केन्द्र से जुड़कर वे आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चंद्रकांत सिंह द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी, हरिहर विश्वकर्मा, विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह, संजीव सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, परियोजना प्रबंधक हिमांशु भारद्वाज, सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट स्वामी शरण कुशवाहा, राजीव जायसवाल, चांदकली, श्यामकली, विजय गोस्वामी, अनीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विवि मांग के साथ गणतंत्र दिवस मनाएंगे छात्र

**सीधी 25 जनवरी।** सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे छात्र संगठन द्वारा गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ पर गणतंत्र दिवस मनाने के साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकालते हुए अभियान को गति दी जाएगी। जिले में विश्वविद्यालय की मांग छात्र संगठन द्वारा लगातार की जा रही है। इसके लिए लगातार तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। सांसद ने लोकसभा में बात रखी हैं लेकिन अभी इसका कोई प्रभाव नहीं दिखने के कारण छात्र एसडीएम से अनुमति लेकर फिर एक बार 26 जनवरी को सुबह 11 बजे तिरंगा यात्रा गांधी चौराहा से कलेक्ट्रेट चौराहा तक निकालकर आवाज बुलंद करें।

# भक्ति के साथ जब वैराग्य का समावेश होता है तब प्रभु का दर्शन होता है : पं .बाला व्यंकटेश

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। भक्ति के साथ जब वैराग्य का समावेश होता है तब प्रभु का दर्शन होता है। वैराग्य किसी के कहने और समझाने से नही बल्कि स्वंय के आत्मनिर्णय से होता है। प्रसंग से भक्तो को जोड़ते हुए पूजा पार्क सीधी में चल रही कथा के प्रवक्ता वृन्दावनोपासक पं.बाला व्यंकटेश शास्त्री जी महराज ने कहा कि ध्रुव जी में मान की चाह नही थी इसलिए उनको ध्रुवलोक से विमान आया था।**

कथा व्यास ने आगे कहा कि कि हमारे भारत की माताओं को सुनीत और सुमित्रा जैसा होना चाहिए तभी हमारे संस्कार और संस्कृति की रक्षा होगी। कथा के प्रारंभ में श्रीकृष्ण रसामृत सेवा समिति पूजा पार्क में भक्तगण लालमणि सिंह चौहान, सुरेन्द्र सिंह बोरा, प्राचार्य रामेश्वर पाण्डेय, प्राचार्य एस.एन.त्रिपाठी, कवि अंजनी सिंह सौरभ एवं मंच संचालक सचिव डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस ने व्यास पीठ और व्यास जी महराज का माल्यार्पण से



स्वागत वन्दन किया। कथा प्रसंग को बढ़ाते हुए महराज जी ने बताया कि भगवान का नाम भाव कुभाव किसी तरह से लें, परमात्मा का काम है भक्तों का कल्याण करना। कैसे? जैसे आग को आप चाहे जान में या अंजान में स्पर्श करो तो उसका गुण है जलाना। बस ऐसे ही भगवान अपने भक्तों पर अनुग्रह करते हैं। कथा क्रम में महराज जी ने सूक्त मंत्र दिया कि भगमान प्रभाव का भूखा नही बल्कि सुभाव का प्रेमी है। चूंकि अपेक्षा से उपेक्षा होती है। इसलिए भगवान के संत भक्तों को इससे बचना चाहिए। कथा के उपसंहार में कथा व्यास ने श्री कृष्ण के प्रागटोत्सव के गूढ रहस्य और रहस्य की परते खोलते हुए ऐसे दिव्य दर्शन कराया कि भक्तगण भाव विभोर हो गये। मंच पर सुन्दर श्रीकृष्ण का शिशु स्वरूप लाकर धूमधाम के साथ कन्हैया का अवतरणोत्सव मनाया गया। कन्हैया के प्रागटोत्सव विषयक श्लोक और भजन कीर्तन कहकर ऐसा उत्सव मनाया गया कि लगा कि पूजापार्क में वृंदावन मथुरा का प्रणम्य दृश्य उतर आया है। कथा का पंडाल खचाखच भरा रहा और भक्तगण श्रीकृष्ण रसामृत का पान भजन कीर्तन के माध्यम से करते रहे।

# अमृत मित्रों ने संभाली पौधरोपण की देखभाल की जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की अमृत मित्रों ने क्षेत्र में किए गए पौधरोपण की नियमित देखभाल का जिम्मा संभाला है।**

इस पहल का मुख्य उद्देश्य लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखते हुए उनके स्वस्थ विकास को सुनिश्चित करना है ताकि भविष्य में इसके सकारात्मक पर्यावरणीय एवं



सामाजिक लाभ प्राप्त हो सकें। अमृत मित्रों द्वारा पौधों की नियमित सिंचाई, निराई-गुड़ाई, खाद प्रबंधन एवं सुरक्षा जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अमृत मित्रों द्वारा अमहा तालाब परिसर सहित शहर के विभिन्न स्थलों पर लगाए गए पौधों की देखभाल की जा रही है। सीएमएचओ नपा सीधी श्रीमती मिनी अग्रवाल ने बताया कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं बनाए रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और बेहतर जीवन का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामूहिक सहभागिता से ही सफल हो सकता है।



# उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 सीधी से कई छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु प्रवेश मिला।**

छात्रों ने प्रवेश परीक्षा पास कर काशी हिंदू विश्वविद्यालय में गौरव गुप्ता बीए एलएलबी ऑनर्स, अमन द्विवेदी बीएससी मैथ ऑनर्स, अमृतलाल साकेत बीएससी मैथ ऑनर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली में रवि साकेत बीएससी ऑनर्स, सौरभ गुप्ता बीकॉम ऑनर्स, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज में अमन भुर्तिया बीए, संकट मोचन बंसल बीए, राजीत कुमार साकेत बीए, डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शालनी मिश्रा बीए पत्रकारिता, प्रितू साहू बीए, प्रीति जायसवाल बीए बीएड, रोहित प्रजापति बीए, शिवम जयसवाल बीएससी, शालनी रावत बीएससी, खुशी जायसवाल बीए, याचिका जायसवाल बीए एलएलबी, श्रुति सिंह उइके बीकॉम, अरुण सिंह बीएससी मैथ एवं अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रिया सिंह चौहान बीबीए, काजल रजक बीए एलएलबी, रवि साकेत एनआईटी राउरकेला उड़ीसा एवं अन्य छात्र छात्राओं ने प्रवेश पाया है। जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने सम्मानित किया।

# लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति मतदाता में होती है निहित : पाण्डेय

## मतदाता शपथ व सम्मान समारोह के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जनवरी। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी. पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। आयोजन का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना रहा।**




कार्यक्रम की शुरुआत मतदाता शपथ के साथ हुई, जिसमें उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारीपूर्ण मतदान करने की शपथ ली। इसके पश्चात मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संदेश प्रदर्शित किया गया, जिसमें लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका एवं सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी. पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति मतदाता में निहित होती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान ही एक सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतांत्रिक तंत्र को मजबूत बनाए। अपर कलेक्टर ने नवीन मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र का भविष्य सुदृढ़ होगा। उन्होंने युवाओं को स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है। प्रत्येक मत राष्ट्र के विकास, सुशासन एवं सामाजिक न्याय की दिशा तय करता है, अत: सभी मतदाता बिना किसी भय, दबाव अथवा प्रलोभन के स्वतंत्र रूप से अपने विवेक से मतदान करें। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों से लोकतंत्र की मजबूती हेतु सतत प्रयास करने तथा आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मतदाता जागरूकता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गायन एवं स्किट के माध्यम से प्रेरक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को प्रभावी रूप से दर्शाया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, मझौली आरपी त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में

### ईपिक कार्ड का किया गया वितरण

इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड (मतदाता परिचय पत्र) का वितरण किया गया, जिससे युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। साथ ही महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।